# सरकारी कार्यालयों में 37.93 प्रतिशत अराजपत्रित कर्मचारी मिले अनुपस्थित

- राज्य स्तरीय निरीक्षण दल ने मसूदा में 21 कार्यालयों का किया आकस्मिक निरीक्षण, तीन कार्यालयों के मुख्य द्वार पर मिले ताले

**मसूदा।** प्रशासनिक सुधार एवं समन्वय विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव दिनेश कुमार के निर्देश पर राज्य स्तरीय निरीक्षण दल ने मसूदा उपखंड के विभिन्न राजकीय कार्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण किया। शासन उप सचिव एवं अतिरिक्त निदेशक निरीक्षण सुनील कुमार शर्मा के नेतृत्व में पहुंचे दल ने कार्यालयों में कार्मिकों की उपस्थिति, उपस्थिति पंजिकाओं के संधारण और कार्यालय संचालन की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। 32 राजपत्रित में 10 और 145 अराजपत्रित में 55 अनुपस्थित-निरीक्षण के दौरान मसूदा उपखंड के विभिन्न विभागों एवं कार्यालयों की कुल 21 उपस्थिति पंजिकाओं का अवलोकन किया गया। इनमें 32 राजपत्रित कार्मिकों में से 10 अनुपस्थित पाए गए। यह कुल संख्या का 31.25 प्रतिशत रहा। इसी प्रकार 145 अराजपत्रित कार्मिकों में से 55 कार्मिक अनुपस्थित मिले, जो 37.93 प्रतिशत है। निरीक्षण दल ने कार्यालयों में कार्मिकों की समयबद्ध उपस्थिति और उपस्थिति पंजिकाओं के संधारण की स्थिति का भी परीक्षण किया।

तीन कार्यालयों पर लटके मिले ताले-निरीक्षण के दौरान कार्यालयीन व्यवस्थाओं में भी कमियां सामने आईं। वनपाल नाका, मसूदा रेंज के मुख्य द्वार पर ताला लगा मिला। इसके कारण वहां की उपस्थिति पंजिका का अवलोकन नहीं किया जा सका। इसी प्रकार कृषि पर्यवेक्षक मुख्यालय तथा ब्लॉक सांख्यिकी अधिकारी कार्यालय, मसूदा के मुख्य द्वार पर भी ताले मिले और संबंधित उपस्थिति पंजिकाओं की जांच नहीं हो सकी।

अनुपस्थित कार्मिकों पर होगी कार्रवाई-निरीक्षण दल की ओर से अनुपस्थित पाए गए कार्मिकों के संबंध में नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए रिपोर्ट उच्च स्तर पर प्रस्तुत की जाएगी। निरीक्षण का उद्देश्य सरकारी कार्यालयों में समयबद्ध उपस्थिति, नियमित संचालन, कार्य संस्कृति, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना है।

# सांवलिया जी सेठ के दरबार में 6 करोड़ 22 लाख रुपये मिले

- चौथे चरण की गिनती सोमवार को होगी

**मंडफिया।** भगवान श्री सांवलिया जी सेठ मंडफिया के दरबार में 11 अगस्त चतुर्दशी को खोले गए भंडार की शेष रही राशि की गिनती शुक्रवार को मंदिर बोर्ड अध्यक्ष हजारी दास वैष्णव की उपस्थिति में तीसरे चरण में हुई। तीसरे चरण से भंडार से 06 करोड़ 22 लाख 15 हजार 100 रुपए नगद प्राप्त हुए। इससे पूर्व दो चरणों में हुई भंडार गिनती से 18 करोड़ 57 लाख 95 हजार रुपए की नगद प्राप्त हुए थे। तीनों चरणों को मिलाकर 24 करोड़ 80 लाख 10 हजार 100 रुपए नगद प्राप्त हुए। चौथे चरण की गिनती 17 अगस्त सोमवार को होगी। भंडार गिनती में मंदिर बोर्ड अध्यक्ष वैष्णव, सदस्य मिट्ठू लाल जाट, पवन तिवारी, रामलाल गुर्जर, किशन लाल अहीर, हरिराम गाडरी, प्रशासनिक अधिकारी राजेंद्र सिंह, मंदिर व संपदा प्रभारी भेरूगिरी गोस्वामी, कालू लाल तेली, मनोहर लाल चोबीसा सहित मंदिर एवं बैंकों के कर्मचारी उपस्थित थे।



भगवान श्री सांवलिया जी सेठ मंडफिया के दरबार में रुपयों की गिनती की गई।


## नगरपालिका मण्डल, रतनगढ़ (राजस्थान)

क्रमांक–निविदा / 2026 / 3311–13 दिनांक : 10.08.2026

**निविदा सूचना**

नगर पालिका रतनगढ़ की और से नियमानुसार उपयुक्त श्रेणी में पंजिकृत संवेदको से निर्धारित प्रपत्र मे ई–प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया से ऑन लाईन निविदाऐ आमंत्रित की जाती है जो दिनांक 10.08.2026 से दिनांक 19.08.2026 सुबह 11 बजे तक अनुसार डाऊनलोड तथा अपलोड एंव दिनांक 19.08.2026 को सांय 04 बजे खोली जायेगी। समस्त कार्यो के लिए धरोहर राशि कार्य की अनुमानित लागत पर नगर पालिका रतनगढ़ में पंजिकृत सक्षम संवेदको द्वारा 1/2 प्रतिशत राशि एवं अन्य विभागो में पंजिकृत सक्षम संवेदको द्वारा 2 प्रतिशत राशि का डी.डी. अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका रतनगढ़ के नाम व रूपये 500/– का चालान श्ड्ण्क् तैस् श्रंपचनतश के नाम जयपुर में देय से ऑन लाईन निविदा खोलने से पूर्व नगर पालिका रतनगढ़ में प्रस्तुत करना होगा।

निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट www.sppp.raj.nic.in http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

NIB code- DLB2627A6903

UBN:- DLB2627GLOB17715, DLB2627GLOB17730, DLB2627GLOB17740, DLB2627GLOB17751

अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका रतनगढ़

राज.संवाद / सी / 26 / 9849



Telephone No. 01474-294110 Email ID- eepwd.begun@rediffmail.com

## कार्यालय अधिशाषी अभिंयता सार्वजनिक निर्माण विभाग खण्ड बेगूं

क्रमांक / निविदा/एफ-106/26-27/536 दिनांक :-7/8/2026

**Notice Inviting Bid No:- 09/2026-27**

Bids For 02 Nos. Package Construction of Various Missing Link Roads/ 5054/2026-27 in Block Begun & Bhainsroadgarh Distt. Chittorgarh & 04 Nos. Package Rehabilitation of Various Non-Patchable Roads/5054/26-27 in Block Begun, Gangrar & Bhainsroadgarh Distt. Chittorgarh Procurement are Invited from interested bidders upto 6.00 PM of 31.08.2026 Other particulars of the id may be visited on the procurement portal (http:/ / eproc.rajasthan.gov.in, http://sppps.raj.nic.in) of the state website. The approximate value of the procurement is Rs. 957.65 Lacs.

NIB CODE :- PWD2627A2106

UBN CODE :- PWD2627WSOB09364, PWD2627WSOB09367 PWD2627WSOB09369, PWD2627WSOB0971 PWD2627WSOB0974, PWD2627WSOB0976

(Ramkesh Meena) Executive Engineer PWD Dn. Begun

DIPR/C/14470/2026 E-mail: ecpwd.begun@rediffmail.com


# भीलवाड़ा को मिले 8 नए खाद्य सुरक्षा अधिकारी

**भीलवाड़ा।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव कुमार शर्मा ने बताया कि जिले में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने और मिलावट के खिलाफ खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा चलाए जा रहे 'शुद्ध आहार, मिलावट पर वार' अभियान को और मजबूती मिलने जा रही है। आयुक्तालय खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण राजस्थान, जयपुर द्वारा जारी आदेश के तहत भीलवाड़ा जिले को 8 नव नियुक्त खाद्य सुरक्षा अधिकारी मिले हैं।

# सीबीआई ने रेलवे के दो कर्मचारियों को रिश्वत लेते दबोचा

- 48 करोड़ के टेंडर के बिल पास करने के बदले 1.20 लाख रुपए लिए

**बीकानेर।** सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इनवेस्टिगेशन ने बीकानेर में रेलवे के दो कार्मिकों को 1 लाख 20 हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। इनमें एक सीनियर सेक्शन ऑफिसर और एक रेलवे कर्मचारी शामिल है।

दोनों पर कोलकाता की एमआरटी कंपनी के करीब 48 करोड़ रुपए के टेंडर से जुड़े बिल पास करने और भुगतान की प्रक्रिया आगे बढ़ाने के बदले रिश्वत मांगने का आरोप है। ऍं ने शिकायत का सत्यापन करने के बाद गुरुवार शाम ढोला मारु होटल के पास रेलवे के कंस्ट्रक्शन विंग के ऑफिस में ट्रैप कार्रवाई की। कार्रवाई के बाद रेलवे विभाग में हड़कंप मच गया, जबकि अधिकारी मामले में कुछ भी बोलने से बच रहे हैं। जांच एजेंसी अब रिश्वत, बिल भुगतान और टेंडर से जुड़े दस्तावेजों की जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार सीबीआई ने रेलवे विभाग में कार्रवाई करते हुए 1 लाख 20 हजार रुपए की रिश्वत लेते दो रेल कार्मिकों को गिरफ्तार किया। इनमें एक सीनियर सेक्शन ऑफिसर और दूसरा रेलवे कर्मचारी है। दोनों पर कोलकाता की कंपनी के बिल पास करने की एवज में रिश्वत मांगने का आरोप है। गुरुवार शाम ढोला मारु होटल के पास स्थित रेलवे के कंस्ट्रक्शन विंग के ऑफिस में सीबीआई ने ट्रैप कार्रवाई की। मामला करीब 48 करोड़ रुपए के टेंडर से जुड़े बिलों के भुगतान और उन्हें पास करने से जुड़ा है। आरोप है कि कंपनी के बिलों के भुगतान की प्रक्रिया आगे बढ़ाने और उन्हें पास करने के बदले 1 लाख 20 हजार रुपए की रिश्वत मांगी गई थी। बिल भुगतान के बदले रिश्वत मांगे जाने की शिकायत सीबीआई को मिली थी। शिकायत का सत्यापन करने के बाद जांच एजेंसी ने ट्रैप कार्रवाई की योजना बनाई। इसके बाद कंपनी की ओर से रिश्वत की रकम देने पहुंचे कार्मिक के जरिए जाल बिछाया गया और दोनों रेलवे कार्मिकों को 1 लाख 20 हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार कर लिया गया। सीबीआई की कार्रवाई के बाद रेल विभाग में हड़कंप मच गया। आला रेलवे अधिकारी इस मामले में टिप्पणी करने से इनकार कर रहे हैं। जांच एजेंसी अब रिश्वत की मांग, बिल भुगतान और करीब 48 करोड़ रुपए के टेंडर से जुड़े दस्तावेजों की जांच कर रही है।


## RajCOMP Info Services Limited (RISL)

C-Block 1st Floor, Yojana Bhawan, Tilak Marg, C-Scheme, Jaipur

RISL invites bids from the eligible bidders for RFP regarding "Procurement of IT Hardware for CMO and Application Software Development Cell (BSDC)". The details can be seen on the websites:

https://eproc.rajasthan.gov.in, https://sppp.rajasthan.gov.in, https://risl.rajasthan.gov.in, https://doitc.rajasthan.gov.in

UBN No. : RIS2627GLOB00048

Raj.Samwad/C/26/9931 General Manager (Technical) & OIC (Store), RISL



## कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर

जोधपुर 342304, राजस्थान, भारत

**ई-निविदा 07/2026-27**

कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर द्वारा Lab Equipment for RAFS - 02 Project की खरीद के लिए ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा संबंधी विस्तृत विवरण एवं जानकारी www.sppp.rajasthan.gov.in एवं https://eproc.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।

UBN NO. : JAU2627GLOB00077

Eproc ID : 2026_AGUJD_584194_1

राज.संवाद/सी/26/9904 नियंत्रक (वित्त)



## कार्यालय नगर पालिका, मण्ड़ल देवगढ़ जिला राजसमन्द राज0

क्रमांक :– न0पा0दे0 / गेराज / ई–निविदा / 02 / 2026–27 / 2137 दिनांक :– 10.08.2026

**निविदा आमंत्रण सूचना**

**निविदा सूचना संख्या 02/2026–27**

नगर पालिका देवगढ़ द्वारा निम्नांकित कार्य हेतु केन्द्र व राज्य सरकार के विभागो व अधिकृत संगठनो व स्वायत शासी संस्थाओ में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से इलेक्ट्रोनिक फारमेन्ट में आनलाईन निविदा आमन्त्रित की जाती है। निविदा सम्बन्धित विस्तृत विवरण व जानकारी वेबसाईट www.sppp.raj.nic.in व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी एवं डाउनलोड की जा सकती है।

NIB CODE :-DLB2627A6828

UBN No. :-DLB2627GLOB17459

| निविदा कार्यक्रम | तिथि व समय |
|---|---|
| कुल निविदा के कार्य | 01 |
| निविदा की अनुमानित लागत | 45.00 लाख |
| निविदा प्रकाशन की तिथि | 10.08.2026 4:00 PM |
| निविदा डाउनलोड प्रारम्भ तिथि | 10.08.2026 4:00 PM |
| ऑनलाईन निविदा प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि | 17.08.2026 09:00 AM |
| भौतिक रूप से डिमाण्ड ड्राफ्ट जमा कराने की तिथि | 17.08.2026 11:00 AM तक |
| ऑनलाईन निविदा खोलने की तिथि | 17.08.2026 12:00 PM से |
| ऑनलाईन निविदा हेतु वेबसाईट | http://eproc.rajasthan.gov.in |

अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका देवगढ़

राज.संवाद / सी / 26 / 9869


# कलेक्टर के आफिस पर ध्वजारोहण 7.15 बजे

**भीलवाड़ा।** स्वतंत्रता दिवस, 2026 के अवसर पर जिले में निर्धारित कार्यक्रमानुसार विभिन्न स्थानों पर ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रातः 7 बजे जिला कलक्टर के निवास पर, प्रातः 7:15 बजे जिला कलक्टर कार्यालय में, प्रातः 7:20 बजे जिला परिषद में, प्रातः 7:30 बजे भीलवाड़ा क्लब में तथा प्रातः 7:50 बजे नगर विकास न्यास में तथा प्रातः 9:05 बजे मुख्य समारोह स्थल (पुलिस लाइन) में ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। मुख्य समारोह स्थल पर ध्वजारोहण उप मुख्यमंत्री व जिले के प्रभारी मंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा करेंगे।

# नवजीवन क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसायटी के खिलाफ उपभोक्ता आयोग का बड़ा फैसला

**जालोर।** जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग जालोर के पीठासीन अधिकारी धनश्याम यादव ने नवजीवन क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसायटी लिमिटेड की उम्मेदाबाद शाखा को परिपक्वता राशि 1.64 लाख रूपये अदा करने का आदेश दिया।

परिवादिया कमला देवी निवासी ओटवाला ने उपभोक्ता आयोग जालोर में परिवाद पेश कर बताया कि उसने नवजीवन क्रेडिट कॉँ आपरेटिव सोसायटी मे 27 मार्च 2017 को एक लाख दस हजार रूपये की एफ.डी. करवाई। जिसकी परिपक्वता राशि 27 जून 2020 को 1.64 लाख रुपये थी। परिवादिया ने एफडी की परिवक्वता राशि का भुगतान करने का कहने पर नवजीवन सोसायटी ने 1.64 लाख रूपये का चेक जारी किया गया, लेकिन चैक बैंक में प्रस्तुत करने पर खाता बंद होने के कारण चेक अनादरित होकर वापस आ गया। इसके बाद परिवादी द्वारा राशि प्राप्त करने के प्रयास किए गए, लेकिन भुगतान नहीं हुआ। मामले में सोसायटी को नोटिस जारी किए गए, लेकिन वे आयोग के समक्ष उपस्थित नहीं हुए। इसके बाद 20 फरवरी 2026 को विपक्षी पक्षों के विरुद्ध एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई गई। आयोग के अध्यक्ष धनश्याम यादव व सदस्य निरंजन शर्मा ने उपलब्ध दस्तावेजों एवं परिवादी के शपथपत्र के आधार पर परिवाद स्वीकार करते हुए नवजीवन क्रेडिट सोसायटी को आदेश दिया कि वे 45 दिन के भीतर 1,64,000 रुपये की परिपक्वता राशि का भुगतान करें। इस राशि पर परिवाद प्रस्तुत करने की तारीख 27 जून 2022 से भुगतान तक 6 प्रतिशत वार्षिक ब्याज भी देना होगा। इसके अलावा आयोग ने मानसिक एवं आर्थिक परेशानी के लिए दस हजार रुपये तथा परिवाद व्यय के रूप में पांच हजार रुपये सहित कुल 15,000 रुपये भी 45 दिन के भीतर अदा करने के आदेश दिए हैं।


## कार्यालय प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय सांगानेर, जयपुर

क्रमांकः-स्मार्ट क्लास/बजट /2026-27/619 दिनांकः-10.08.2026

**ई-निविदा सूचना**

राजकीय महाविद्यालय सांगानेर में स्मार्ट क्लास रूम की स्थापना एवं आवश्यक उपकरणों की आपूर्ति के लिए ई-निविदा क्रमांक 4/2026-27/611 दिनांक 07.08.2026 पंजीकृत फर्म / संस्थाओं से दिनांक 21.08.2026 तक आमन्त्रित की जाती है। ई-निविदा से संबंधित विस्तृत सूचना एवं दस्तावेज वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in एवं http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

अनुमानित व्ययः- राशि रू 19.60 लाख

NIB Code: ECD2627A0369

UBN : ECD2627GLOB00388

प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय सांगानेर, जयपुर

DIPR/C/14576/2026



## Office of the District Literacy and Continuing Education Officer, Churu

File No. DLCEO/Churu/Literacy/2026-27/109 Date 13.08.2026

**Notice Inviting Bid (01/2026-257**

Bid for TLM kit is invited from interested bidders upto 12.00 PM on 20.08.2026. Other Particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.rajasthan.gov.in, eproc.rajasthan.gov.in) of the state and notice board of this office. The Approximate maximum value of the procurement is Rs. 38.77 lac.

UBN No- LIT2627GLOB00019

DIPR/C/14804/2026 DLCEO, CHURU



## कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, वृत-श्रीगंगानगर

क्रमांक- दिनांक :-

**ई-निविदा सूचना संख्या 04/2026-27**

इच्छुक निविदादाताओं से सार्वजनिक निर्माण विभाग, वृत्त श्रीगंगानगर के अधीन मिसिंग लिंक एवं नॉन पेचेबल सड़को का निर्माण कार्य (मय पांच / दस वर्ष के दोष निवारण व सुधार अवधि) हेतु ऑन लाईन निविदायें दिनांक 27.08.2026 सांय 6.00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। उक्त निविदा से सम्बन्धित पूर्ण विवरण राज्य सरकार के प्रोक्योरमेंट पोर्टल http://sppp.rajasthan.gov.in, http://eproc.rajasthan.gov.in व विभागीय वेबसाईट http://pwd.rajasthan.gov.in पर देखे जा सकते है। कार्य की कुल लागत 5736.16 लाख है।

कार्य का एन.आई.बी.नं.:- PWD2627A2018

यू.बी.एन नं :-

| क्र.स. | यू.बी.एन नं. | क्र.स. | यू.बी.एन नं. |
|---|---|---|---|
| 1 | PWD2627WSOB08774 | 2 | PWD2627WSOB08802 |
| 3 | PWD2627WSOB08804 | 4 | PWD2627WSOB08808 |
| 5 | PWD2627WSOB08815 | 6 | PWD2627WSOB09002 |
| 7 | PWD2627WSOB09004 | 8 | PWD2627WSOB09005 |
| 9 | PWD2627WSOB09007 | 10 | PWD2627WSOB09008 |
| 11 | PWD2627WSOB09009 | 12 | PWD2627WSOB09011 |
| 13 | PWD2627WSOB09012 | 14 | PWD2627WSOB09013 |
| 15 | PWD2627WSOB09014 | 16 | PWD2627WSOB09015 |
| 17 | PWD2627WSOB09016 | 18 | PWD2627WSOB09017 |
| 19 | PWD2627WSOB09018 | 20 | PWD2627WSOB09020 |
| 21 | PWD2627WSOB09021 | 22 | PWD2627WSOB09023 |
| 23 | PWD2627WSOB09025 | 24 | PWD2627WSOB09026 |

अधीक्षण अभियन्ता सा.नि.वि. वृत्त-श्रीगंगानगर

DIPR/C/14339/2026


# सहायक आचार्य भर्ती विवाद समाप्त

## आयोग के कड़े रुख और जवाब के बाद उच्च न्यायालय में याचिका वापस

**अजमेर।** महाविद्यालय शिक्षा विभाग में सहायक आचार्य भर्ती-2025 से जुडे मामले में याचिकाकर्ता धर्मवीर मीणा ने अपनी रिट याचिका वापस ले ली है। जयपुर स्थित राजस्थान उच्च न्यायालय की एकलपीठ में शुक्रवार को हुई सुनवाई के दौरान राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से अधिवक्ता एम.एफ. बेग ने विस्तृत जवाब प्रस्तुत किया। आयोग ने गलत तथ्य प्रस्तुत किए जाने के आधार पर याचिकाकर्ता के विरुद्ध जुर्माना लगाए जाने की मांग भी न्यायालय के समक्ष रखी। इसके बाद याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने याचिका वापस ले ली। आयोग के अनुसार 30 जुलाई 2026 को न्यायालय की ओर से दिए गए पूर्व अंतरिम आदेश के बाद भी भर्ती प्रक्रिया को बाधित नहीं होने दिया गया। आयोग ने सहायक आचार्य भर्ती के तहत साक्षात्कार के लिए सफल अभ्यर्थियों के परिणाम लगातार जारी किए और भर्ती एवं साक्षात्कार प्रक्रिया जारी रखी।

# प्रभात फेरी निकाली

**रेवदर।** रेवदर के दौलपुरा जल जीवन मिशन के तहत जल अर्पण दिवस पर दौलपुरा गांव में प्रभात फेरी निकाली गई, जल बंधन के तहत मंत्रोच्चार से टंकी कि पूजा अर्चना कि गई जल योजना पर रंगोली से संदेश जल के उपयोग को बताया गया सभी गाँव के लोगों द्वारा बच्चों द्वारा जनप्रतिनिधि द्वारा गणमान्य लोगों द्वारा जल संकल्प प्रतिज्ञा ली गई जल के मितव्ययिता का संकल्प लिया गया।


## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER PWD CITY DIVISION AJMER

No.:-EE/City/Ajmer/NIT/2026-27/D-1529 Dated: 11.08.2026

**NOTICE INVITING BID No. -19/2026-27**

**NIB Code No:-PWD2627A2216**

Tender for 04 Nos works are invited from interested bidders up to 06:00 PM on 18h August, 2026 other particulars of the bids may be visit on the procurement portal http://eproc.rajasthan.gov.in","http://sppp.raj.nic.in" of the State and DIPR departmental website. The approximate value of the procurement is Rs 17.96 Lacs.

UBN No.:-

| | |
|---|---|
| UBN S. No. 1:- PWD2627WSOB09871 | UBN S. No. 3:- PWD2627WSOB09873 |
| UBN S. No. 2:- PWD2627WSOB09872 | UBN S. No. 4:- PWD2627WSOB99974 |

(Vipin Kumar Jindal) Executive Engineer, WD City Division Ajmer

DIPR/C/14877/2026



## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता बाँध खण्ड-प्रथम माही परियोजना, बाँसवाड़ा

क्रमांकःअ.अ./ बाँध - 1/ निविदा/2026/943 दिनांकः11.08.2026

**ई-निविदा सूचना संख्या 03 वर्ष 2026-27**

खण्ड अन्तर्गत विभिन्न कार्यों हेतु इच्छुक बोलीदाताओं से दिनांक 18.08.2026 को प्रातः 10.30 बजे तक ऑनलाईन निविदा आमन्त्रित की जाती है। निविदा में वर्णित कार्य से सम्बन्धित विवरण व अन्य शर्तें बेवसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in, www.dipr.rajasthan.gov.in http://sppp.rajasthan.gov.in एवं www.water.rajasthan.gov.in/wrd पर देखी जा सकती है। उपापन हेतु UBN No. WRD2627WSOB00573, WRD2627WSOB00574, WRD2627WSOB00575 & WRD2627WSOB00576 है।

DIPR/C/14790/2026 अधिशासी अभियन्ता



## जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड

प्रभास्मि शशि सूर्ययोः कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता (एम.एम.-प्रथम), पुराना पॉवर हाऊस, बनीपार्क, जयपुर टेलीफैक्सः0141-2208098

**निविदा-सूचना**

एक्स एल पी ई केबल के लिये 33 केवी केबल टर्मीनेशन एवं जोईटिंग किट (निविदा संख्या–5089) (UBN-VVN2627GLOB00337) की खरीद हेतु 'ई–प्रोक्योरमेंट' प्रणाली के अन्तर्गत निविदाएं आंमत्रित की जाती हैं। निविदा के बारे में अन्य विवरण वेबसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in एवं http://energy.rajasthan.gov.in/jvvnl द्वारा जाने जा सकते हैं। भविष्य में निविदा में किसी भी प्रकार के संशोधन/तिथि बढ़ाने की जानकारी केवल वेबसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in एवं http://energy.rajasthan.gov.in/jvvnl पर उपलब्ध कराई जाएगी।

राज.संवाद/सी/26/9900 जेपीआर - 3214 (2026) अधीक्षण अभियन्ता (एम. एम. प्रथम)

बिजली शिकायतों के लिए टोल फ्री नम्बर 1800 180 6507



## कार्यालय नगर पालिका जसोल, जिला बालोतरा (राज.)

Email – npjasol2025@gmail.co Phone No- 02988-240024

Address : माँ माजीसा मन्दिर के पास, जसोल जिला बालोतरा

क्रमांक : न.पा.ज. / विद्युत / 2026–27 / 2253 दिनांक : 11.08.2026

**अल्पकालीन ई–निविदा सूचना आमत्रंण सूचना 02/2026–27**

नगर पालिका जसोल जिला बालोतरा द्वारा 01 विद्युत कार्य के लिए केन्द्र एवं राज्य सरकार के अभियात्रिंकी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त एवं अनुभवी संवेदकों से ई–टेण्डरिंग प्रक्रिया से ऑनलाईन निविदायें ई–निवि / बोली प्रस्ताव आमंत्रित की जाती हैं।

ई–निविदा संबंधी जानकारी व अन्य शर्त पालिका कार्यालय एवं ई–टेण्डर की आनलाइन वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in एवं www.sppp.rajasthan.gov.in पर UBN No. DLB2627WSRC18162 के द्वारा देखी जा सकती है। निविदा प्रपत्रों को वेब साइट http://eproc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता हैं।

अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका जसोल

राज.संवाद / सी / 26 / 9863


# पेड़ से जंगल और जंगल से अमेज़न जैसे जंगल की कल्पना की

## "बीजोत्सव 2.0" का शुभारंभ

**उदयपुर, (कासं)।** गीतांजली यूनिवर्सिटी, उदयपुर एवं हवेली परिवार ने मिलकर किया 'बीजोत्सव 2.0' का 12 अगस्त को अमृतम बाग रिजॉर्ट में शुभारंभ हुआ। अभियान का उद्देश्य सीड्स बॉल के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण को जन-अभियान का रूप देना और अधिक से अधिक क्षेत्रों को हराभरा बनाने के लिए लोगों को प्रेरित करना है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सहायक वन संरक्षक तरुण मीणा ने शिरकत की। इस अवसर पर गीतांजली मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल की डीन डॉ. संगीता गुप्ता भी उपस्थित रहीं। अभियान की थीम 'एक वृक्ष, अनेक जीवन' रखी गई है। इसके तहत फलदार एवं छायादार पेड़ों के बीजों से तैयार सीड्स बॉल के माध्यम से विरान एवं बंजर भूमि को हराभरा बनाने तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने का संकल्प लिया गया। सीड्स बॉल के माध्यम से प्राकृतिक रूप से पौधों के विकास को बढ़ावा देने की इस पहल को व्यापक स्तर पर आगे बढ़ाने की योजना है।

बीजोत्सव 2.0 के तहत 13 अगस्त को रोटरी क्लब ऑफ उदयपुर पन्नाधाय क्लब में भी पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में क्लब सदस्यों को सीड्स बॉल के महत्व, पौधारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही, प्रतिभागियों ने पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाने और हरित वातावरण के निर्माण में योगदान देने का संकल्प लिया। गीतांजली हॉस्पिटल के हेड-मार्केटिंग कल्पेश चन्द रजबार ने कहा, 'मैं सभी से अपील करता हूं कि इस महत्वपूर्ण पहल में एकजुट होकर आगे आएं और अपने आसपास के वातावरण को हराभरा बनाने में योगदान दें। एक छोटी-सी सीड बॉल भी आगे चलकर एक पेड़ का रूप ले सकती है और ऐसी हजारों सीड बॉल मिलकर बंजर भूमि को हरे-भरे जंगल में बदल सकती हैं। आइए, हम सभी मिलकर आज एक छोटा कदम उठाएं और आने वाली पीढ़ियों के लिए हरित एवं स्वस्थ भविष्य का निर्माण करें।'

कार्यक्रम में हवेली परिवार से प्रद्युम्न सिंह राठौड़, भानु प्रताप सिंह, राजेश कुमार माली, जयराज सिंह, आयुष लोढ़ा एवं संजय नागदा तथा रोटरी क्लब ऑफ उदयपुर पन्नाधाय से अरुण बागडिया-जिला गर्वनर 2026-27, निर्मल सिंघवी पूर्व जिला गवर्नर एवं दीपक सुखाडिया निर्वाचित जिला गवर्नर सहित अनेक गणमान्य अतिथियों एवं पर्यावरण प्रेमियों ने सहभागिता की। आयोजकों ने बताया कि बीजोत्सव 2.0 को स्कूलों, कॉलेजों एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के साथ मिलकर व्यापक स्तर पर आगे बढ़ाया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक लोगों को पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के प्रति जागरूक किया जा सके।




गीतांजली यूनिवर्सिटी, उदयपुर एवं हवेली परिवार ने मिलकर 'बीजोत्सव 2.0' का शुभारंभ किया।


## कार्यालय नगर पालिका अरनोद जिला–प्रतापगढ़ (राज.)

क्रमांक :–न.पा.अरनोद / निर्माण / 2026–27 / 875 दिनांक: 10.08.2026

**ई टेण्डरिंग निविदा सूचना संख्या: 07/2026–27**

नगर पालिका अरनोद द्वारा नगर पालिका एवं राजस्थान सरकार के समूचित वर्ग के सूचीबद्ध ठेकेदारों/संवेदको एवं केन्द्रीय सरकार/राज्य सरकार व उनके अधिकृत संगठनों में पंजीकृत संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के विभिन्न उपयुक्त श्रेणी के सवेंदकों के समकक्ष हो उनसें निर्धारित निविदा प्रपत्र में ई–प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया हेतु ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विवरण इंटरनेट साईट http://eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।

| | |
|---|---|
| निविदा में कुल कार्य | 8 |
| निविदा की कुल लागत | 154.8 लाख |
| निविदा की धरोहर राशि | अनुमानित लागत की 2 प्रतिशत,नगरपालिका/परिषद पंजीकृत संवेदक ½ प्रतिशत। |
| ऑनलाईन निविदा फॉर्म मिलने की दिनांक | दि 10.08.2026 प्रातः 10.00 बजे से दि 16.08.2026 सांय 6.00 बजे तक |
| ऑनलाईन निविदा फॉर्म जमा कराने की दिनांक | दि 10.08.2026 से 16.08.2026 सांय 6.00 बजे तक |
| निविदा शुल्क एवं धरोहर राशि डिमांडड्राफ्ट अथवा बैकर चैक कार्यालय में भौतिक रूप से जमा करवाने की दिनांक | दि 17.08.2026 प्रातः 11:00 बजे से दोप. 02:00 बजे तक |
| ऑनलाईन Technical & Financial Bid निविदा खोलने की दिनांक | दि 17.08.2026 सांयः 04:00बजे |

UBIN NO- (1)DLB2627WSOB17604 (2)DLB2627WSOB17605 (3)DLB2627WSOB17606 (4)DLB2627WSOB17608 (5)DLB2627WSOB17609 (6)DLB2627WSOB17613 (7)DLB2627WSOB17615 (8)DLB2627WSOB17617

निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in तथा http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है।

अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका अरनोद

राज.संवाद / सी / 26 / 9844



## जयपुर विकास प्राधिकरण

इन्दिरा सर्किल, जवाहर लाल नेहरु मार्ग, जयपुर-302004

क्रमांक : जविप्रा/व.उ.वि./2026-27/24-25 दिनांक : 14.08.2026

**पूर्णकालीन बिड सूचना सं.-जविप्रा/व.उ.वि./2026-27/24-25**

आयुक्त, जयपुर विकास प्राधिकरण की ओर से प्राधिकरण के उद्यानिकी प्रवर्ग की उचित श्रेणी में पंजीकृत बोलीदाताओं एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के सभी विभागों में 'अअ' व 'अ' श्रेणी में पंजीकृत बोलीदाताओं से ई–बिड (E-Procurement) निम्न विवरणानुसार आमन्त्रित की जाती है।

| S. N. | NIB No. | Name of Work | Tender Amount (In Lakh) | Sale/Download Date and End Date | Open Date | Job No. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 24 | Development and maintenance of Nursery (Shadenet) in Kanak Bhawan, Central Park for 3 years maintenance. UBN No.: JDA2627WSOB00287 | 10.09 | 14.08.2026 / 20.08.2026 | 20.08.26 | 143/2026-27 |
| 2 | 25 | Development and maintenance of Nursery (Shadenet) in Jawahar Circle for 3 years maintenance. UBN No.: JDA2627WSOB00288 | 10.09 | 14.08.2026 / 20.08.2026 | 20.08.26 | 117/2026-27 |

नोटः

(1) बिड को बिना कारण बताये निरस्त किया जा सकता है।

(2) बिड E-Procurement के जरिए प्राप्त की जायेगी। बोलीदाता द्वारा पंजीयन प्रमाण–पत्र की प्रति प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

(3) बिड से सम्बन्धित शर्ते वेबसाईट www.jda.rajasthan.gov.in, http:/eproc.rajasthan.gov.in, sppp.rajasthan.gov.in पर अथवा वरिष्ठ उद्यानविज्ञ के कार्यालय, कनक भवन, सैन्ट्रल पार्क में देखी जा सकती है।

राज.संवाद/सी/26/9982 वरिष्ठ उद्यानविज्ञ